**बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना के मुख्यालय भवन के नजदीक व्यायामशाला का निर्माण कार्य के लिए दिनांक: 28.11.2018 को प्राप्त ई०-पुनर्निविदा का तकनीकी बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 04.01.2019 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

**उपस्थिति:-**

1. **श्री अमित कुमार,** प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना। — अध्यक्ष
2. **श्री उपेन्द्र नारायण,** अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ०नि०वि०, पटना। — सदस्य
3. **श्री रवि शंकर चौधरी,** संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ०नि०वि०, पटना। — सदस्य
4. **श्री राकेश कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना। — सदस्य
5. **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना। — सदस्य

5\. **श्री रंजित प्र० सिंह,** महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना। — सदस्य

<u>**कार्यवाही:-**</u>

**1.योजना का नाम:-** बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना के मुख्यालय भवन के नजदीक व्यायामशाल का निर्माण कार्य।

| | |
|---|---|
| **2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹998.766 लाख |
| **3.प्रावैधिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹1198.519 लाख **(अनुज्ञेय सीमा के अधीन)** |
| **4.परिमाण विपत्र की राशि:-** | ₹8,12,48,877/- |
| **5.निविदा प्राप्त करने की तिथि:-** | 28.11.2018 |
| **6.निविदा खोलने की तिथि:-** | 30.11.2018 |
| **7.निविदा प्रसारण का माध्यम:-** | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| **8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:-** | दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान, दिनांक 27.10.18 |
| **9.प्रकाशन का पी०आर० संख्या:-** | 10454 (Ni.Ni) 2018-19 |

<u>**10. तकनीकी मूल्यांकन समिति की समीक्षा:-**</u>

<u>**प्रथमवार आमंत्रित निविदा (वर्त्तमान):-**</u> इस निविदा में तीन निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया, जिनके द्वारा अपलोड कि गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी०आई०यू०, पटना द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांक समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया जो निम्नवत्त है:-

प्रथम निविदादाता ''जय माता दी एण्ड माँ सीता कंस्ट्रक्शन, ग्राम-खैराही, पी०ओ०-पाँचपोखरी, थाना-बाघैला, रोहतास' है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गय कि इनके द्वारा Gymnasium Equipment का अनुभवन प्रमाण-पत्र संलग्न नही किया गया है। अतएव समिति द्वारा इन्हे नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

द्वितीय निविदादाता ''बालकृष्ण भालोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा० लि०, जमुई बाजार, जमुई-811307'' है, के द्वारा Gymnasiun का अनुभवन प्रमाण-पत्र संलग्न नही किया गया है। अतएव समिति द्वारा इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

तृतीय निविदादाता ''अरुण कुमार, शर्मा भवन, रोड न०-8, राजीव नगर, पटना'' है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत परियोजना प्रबंधक (सी०), एन०बी०सी०सी (इंडिया लि०, एस०बी०जी० ऑफिस, पटना से ई-मेल के माध्यम से प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर एस०बी०डी० की कंडिक 4.5A(b), के तहत जमा किया गया अनुभवन प्रमाण-पत्र गलत पाया गया। इनके द्वारा दिनांक 24.12.2018 को निविदा वापस लेने का भी अनुरोध किया गया है। अतएव समिति द्वारा इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव एवं असफल घोषित करने एवं एस०बी०डी० के कंडिका 16-6 के तहत इस निविदा कागजात के साथ Deposited EMD की राशि ₹16,50,000 (सोलह लाख पच्चास हजार रुपये) मात्र को जब्त करने तथा निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने हेतु अनुशंसा की गयी है।

**11. निगम निविदा समिति का निर्णय:-**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक 03.01.2019 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में इस निविदा के उक्त निविदादाता को तकनीकी बीड में असफल घोषित हुए निविदा में जमा कुल ₹16,50,000 (सोलह लाख पच्चास हजार रुपये) मात्र का अग्रधन की राशि को जब्त किया जाता है। साथ ही समिति द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक 12.01.2019 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य महाप्रबंधक पुन: तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुन: विचार/अंतिम निर्णय हेतु अगली निगम निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में मुख्य महाप्रबंधक पुर्ननिविदा करने की कार्रवाई करेंगे।

12. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 4.1.19<br>(रंजित प्र0 सिंह)<br>महाप्रबंधक (दक्षिण)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 04.01.19<br>(तपेश्वर प्र0 साह)<br>महाप्रबंधक (वित्त)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 04.01.19<br>(राकेश कुमार)<br>मुख्य महाप्रबंधक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |
| 2019<br>(रवि शंकर चौधरी)<br>संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | 4/1/19<br>(उपेन्द्र नारायण)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | 4/1/19<br>(अमित कुमार)<br>प्रबंध निदेशक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |